उत्तराखण्ड सरकार
कार्यालय महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड
'सूचना भवन' लाडपुर रिंग रोड, देहरादून
E-mail: infodg.uk@gmail.com, dg-info-uk@nic.in **दूरभाषः 0135–2662971 / फैक्सः 2662334**

पत्रांकः 1089 / सू.एवंलो.सं.वि.(प्रशा.)–75 / 2010टी.सी. दिनांक 30 दिसम्बर, 2020

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड शासन, सूचना अनुभाग–2 के शासनादेश संख्याः 190 / XXII-2 / 2020-1(7)2017, दिनांक 01 दिसम्बर, 2020 के अनुक्रम में सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सीधी भर्ती के रिक्त सूचना अधिकारी / जिला सूचना अधिकारी के 12 पदों को उत्तराखण्ड सरकार के अधीन शिक्षा विभाग के शिक्षकों, जिनका वेतन लेवल–7, `44900–142400 हो, को सेवा स्थानान्तरण / प्रतिनियुक्ति के आधार पर 01 वर्ष अथवा नियमित नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो, की अवधि के लिए भरा जाना प्रस्तावित है। उक्त पदों के लिए निर्धारित वेतन, अर्हता एवं सेवा शर्तों का विवरण निम्नवत हैः–

क्र.सं.	पदनाम	वेतन लेवल एवं वेतनमान (`)	प्रतिनियुक्ति / सेवा स्थानान्तरण के माध्यम से तैनाती हेतु प्रस्तावित पद	अर्हता एवं अनुभव
1	2	3	4	5
1.	सूचना अधिकारी / जिला सूचना अधिकारी (राजपत्रित)	लेवल–7, `44900–142400	12	**अनिवार्य अर्हताएंः–** भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई उपाधि एवं भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त किसी संस्था से पत्रकारिता में एक वर्ष का डिप्लोमा। अथवा भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से पत्रकारिता में स्नातक उपाधि। **अधिमान्य अर्हताएंः–** 1.समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में लेख, पटकथा और फीचर लिखने का तीन वर्ष का अनुभव। 2.सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से संगीत / प्रकाशन–व्यवस्था / अभिनय / निर्देशन इत्यादि में एक वर्षीय डिप्लोमा। 3.जिसने प्रदेशिक सेना में न्यनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' अथवा 'सी' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

सेवा शर्तेंः–

1- उत्तराखण्ड सरकार के अधीन शिक्षा विभाग के शिक्षकों, जिनका वेतन लेवल–7, `44900–142400 हो तथा जिन्होंने संबंधित पद पर विहित परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर ली हो, उपरोक्त पद पर सेवा स्थानान्तरण / प्रतिनियुक्ति के आधार पर तैनाती हेतु पात्र होंगे।
2- उल्लिखित सेवा स्थानान्तरण के आधार पर तैनाती, इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत आदेशों / निर्देशों से शासित होगी।
3- संबंधित कार्मिकों की सेवा स्थानान्तरण की अवधि कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष अथवा संबंधित पद पर नियमित नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो, के लिए होगी।
4- संबंधित कार्मिकों को तैनाती स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

कमशः–2 पर

5- संबंधित कार्मिकों को शासन द्वारा समय–समय पर स्वीकृत/देय महंगाई एवं अन्य भत्ते भी अनुमन्य होंगे।

6- आवेदक की पिछले पाँच वर्ष/सेवाकाल (जो भी कम हो) की वार्षिक चरित्र प्रविष्टियां तथा नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण–पत्र तथा संबंधित के विरूद्ध किसी भी प्रकार की विभागीय/विजिलेन्स जाँच लम्बित/प्रचलित न होने का प्रमाण–पत्र, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

7- संबंधित कार्मिकों को यथा आवश्यकतानुसार सूचना मुख्यालय, देहरादून अथवा विभाग के अन्तर्गत विभिन्न जिला सूचना कार्यालयों में तैनाती दी जायेगी।

8- संबंधित कार्मिक/कार्मिकों का कार्य संतोषजनक न पाये जाने की स्थिति में किसी भी समय सेवा स्थानान्तरण की अवधि समाप्त कर दी जायेगी।

इच्छुक कार्मिक इस विज्ञप्ति के समाचार–पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्तर्गत अपना आवेदन–पत्र, उपरोक्तानुसार वांछित अभिलेखों सहित, स्पीड पोस्ट, पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से निर्धारित प्रारूप में, जो इस विभाग की वेबसाईट uttarainformation.gov.in में उपलब्ध है, के अनुसार अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायेंगे।

अपूर्ण आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। सेवा स्थानान्तरण हेतु उल्लिखित पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है।

(डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट)
महानिदेशक

सूचना अधिकारी/जिला सूचना अधिकारी के पद पर सेवास्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति के आधार पर तैनाती हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

1. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)..
   (अंग्रेजी में)..
2. अभ्यर्थी का पदनाम ....
   वेतनमान (वेतन पर्ची संलग्न की जाये)..
3. पिता/पति का नाम..
4. जन्म तिथि..
5. दिनांक (01 जनवरी, 2020 को आयु)..
6. शैक्षिक योग्यता :—

क.सं.	परीक्षा का नाम	बोर्ड/विवि	वर्ष	श्रेणी	प्राप्तांक
1.					
2.					
3.					

7. कार्य का विवरण

क.सं.	संस्था का नाम	पदनाम	वेतन लेवल/ वेतनमान	कार्य की अवधि	कार्य क प्रकृति
1.					
2.					
3.					

8. वार्षिक चरित्र प्रविष्टियों का विवरण

वार्षिक विवरण	2015—16	2016—17	2017—18	2018—19	2019—20

9. स्थाई पता:— ....
   ....
   ....
10. पत्र व्यवहार का पता..
   ....
   ....
   फोन न0..
   ई मेल..
11. क्या पूर्व में किसी न्यायालय से दोष सिद्ध तो नहीं किये गये हैं अथवा किसी न्यायालय में अभियोजन तो दाखिल नहीं है, यदि हॉ, तो पूर्ण विवरण दिया जाये।

<u>घोषणा</u>

मैं..पुत्र/पुत्री/पत्नी.. निवासी...सत्यनिष्ठा पूर्वक घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार दी गयी सभी सूचनाएं सही हैं। यदि इसमें से कोई तथ्य असत्य पाया जाये तो मेरा आवेदन रद्द कर दिया जाय अथवा पद पर चयन हो जाने की स्थिति में मेरा चयन निरस्त कर दिया जाये।

हस्ताक्षर...

अभ्यर्थी का नाम...